आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 02.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशभर में जारी लू के कहर और चक्रवाती तूफान रेमल से पूर्वोत्तर राज्यों में हुई तबाही से जुड़े राहत कार्यों की समीक्षा की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत स्थित मां पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए।
- राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने कहा— भ्रष्टाचार मुक्त भारत और सुशासन के लिए सूचना का अधिकार— आर.टी.आई सबसे महत्वपूर्ण कारक बन सकता है।
- निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में लोकसभा चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां पूरी की।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशभर में जारी लू के कहर और चक्रवाती तूफान रेमल से पूर्वोत्तर राज्यों में हुई तबाही से जुड़े राहत कार्यों की समीक्षा की। श्री मोदी ने आग की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों का फायर ऑडिट और इलेक्ट्रिकल सेफ्टी ऑडिट नियमित रूप से कराने को कहा। प्रधानमंत्री ने जंगलों में फायर—लाइन के रखरखाव और बायोमास के उत्पादक उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाने पर जोर दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री को जंगल की आग की समय पर पहचान और उसके प्रबंधन में ''वन अग्नि'' पोर्टल की उपयोगिता के बारे में भी बताया गया।

सीएम बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को चम्पावत स्थित मां पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में पार्किंग, पेयजल, विद्युत और अन्य मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। श्री धामी ने आज चम्पावत जिले के बनबसा में विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि पूर्णागिरि मेला स्थानीय लोगों की आजीविका का मुख्य साधन है, जिसके लिए सरकार मेले की अवधि बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को जिले में विद्युत और पेयजल आपूर्ति से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए। आगामी मॉनसून को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नदियों के जलस्तर पर निगरानी रखने और लोक निर्माण विभाग को जिले की सड़कों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

## चारधाम यात्रा व्यवस्था

प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से जारी है। अबतक 15 लाख से अधिक श्रद्धालु चारों धामों सहित हेमकुंड साहिब की यात्रा कर चुके हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए सभी धामों और यात्रा मार्गों पर शासन–प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। चारधाम से संबंधित जिलाधिकारी लगातार यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के साथ ही फील्ड में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दे रहे हैं। इसी क्रम में उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने जानकीचट्टी में यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने यमुनोत्री पैदल मार्ग पर यात्रियों की सुरक्षा, सुगमता और सुव्यवस्था के लिए घोड़े–खच्चर व डंडी कर्मियों का रोटेशन सख्ती से लागू करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि हर साल तीर्थयात्रियों की संख्या बढते रहने से क्षेत्र के सुनियोजित विकास के लिए नगर निकाय का गठन और मास्टर प्लान बनाने की दिशा में भी पहल हुई है। जिलाधिकारी ने कहा कि यमुनोत्री धाम के लिए वैकल्पिक मार्ग बनने से यमुनोत्री धाम की यात्रा को व्यापक विस्तार मिल सकेगा।

## एक्जिट पोल

लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले, निजी टेलीविजन चैनल और अन्य एजेंसियों ने मतदान पश्चात् सर्वेक्षण के परिणाम जारी किए हैं। अधिकतर ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बहुमत मिलने की बात कही है। इन परिणामों के अनुसार पांच सौ 45 सदस्यों वाली लोकसभा में राजग को दो–तिहाई बहुमत मिल सकता है। चुनाव विशेषज्ञों ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले गठबंधन के साढे तीन सौ से अधिक सीटें जीतने का अनुमान व्यक्त किया है। विपक्षी आई.एन.डी.आई गठबंधन को एक सौ 25 से डेढ सौ तक सीट मिल सकती हैं। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बारे में कई प्राइवेट टीवी चैनलों और अन्य एजेंसियों के एक्जिट पोल के आंकडे खारिज कर दिए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि एक्जिट पोल पूरी तरह फर्जी हैं। उन्होंने दोहराया कि आई.एन.डी.आई. गठबंधन को 295 सीट मिलेगी। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के महासचिव तरूण चुग ने कहा है कि भाजपा की जीत निश्चित है और पार्टी तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है।

## राज्यपाल

नैनीताल स्थित राजभवन में आज तेलंगाना प्रदेश का राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने तेलंगाना के छात्रों के साथ संवाद किया और उन्हें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि राज्यों के स्थापना दिवस मनाने से हमें विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को समझने और आदान–प्रदान करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के माध्यम से विभिन्न राज्यों के बीच आपसी और सांस्कृतिक मेल जोल होता है। उन्होंने कहा कि वनों और वन्य जीवों से सम्पन्न तेलंगाना राज्य की खूबसूरती और सांस्कृतिक धरोहर इसे एक विशिष्ट पहचान दिलाते हैं।

आरटीआई

राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने कहा है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत और सुशासन के लिए सूचना का अधिकार– आर.टी.आई सबसे महत्वपूर्ण कारक बन सकता है। नई टिहरी में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री भट्ट ने कहा कि देश की आजादी के बाद सूचना का अधिकार ही एकमात्र ऐसा कानून है, जिसमें आम आदमी को शक्ति दी गई है। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम से किसी भी बड़ी समस्या या मुसीबत का समाधान किया जा सकता है और संबंधित की जिम्मेदारी तय की जा सकती है। श्री भट्ट ने कहा कि सूचना के अधिकार के साथ सूचना लगाने के दायित्व को भी भलीभांति जानना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका प्रयोग कोई भी व्यक्ति कर सकता है और इसके लिए किसी कार्यकर्ता, एजेंसी या अन्य माध्यम की जरूरत नहीं है। श्री भट्ट ने कहा कि मात्र दस रूपये का शुल्क जमा करने के साथ ही आवेदन कर सूचना प्राप्त की जा सकती है।

मतगणना

लोकसभा चुनाव की मतगणना आगामी 4 जून को होगी। चुनाव आयोग ने राज्य में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोग के मुताबिक, मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी। राज्य की पांचों लोकसभा सीटों में ईवीएम से वोटों की गिनती के लिए 334 टेबल लगाई गई हैं, जबकि डाक मतपत्रों की गिनती के लिए 884 टेबल लगाई गई हैं। डाक मतपत्रों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी, जबकि ईवीएम की गिनती सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू होगी। टिहरी और नैनीताल लोकसभा सीटों पर डाक मतपत्रों की संख्या कम होने के कारण इन दोनों सीटों का परिणाम पहले घोषित होने की संभावना है, जबकि पौड़ी और अल्मोड़ा लोकसभा सीटों पर डाक मतपत्रों की संख्या सबसे अधिक होने के कारण परिणाम देरी से घोषित होंगे।

सराहना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में निर्वाचन आयोग की भूमिका की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि आयोग के समर्पण और सुव्यवस्थित प्रयासों के कारण भारतीय लोकतंत्र में लोगों की आस्था और प्रगाढ हुई है तथा देशवासियों ने आत्मविश्वास के साथ मतदान किया है। श्री मोदी ने कहा कि भारत की चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास बढाती है। प्रधानमंत्री ने चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों की भूमिका की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के कारण मतदान सुरक्षित माहौल में संपन्न हुआ और लोग सहजता से चुनाव प्रक्रिया में शामिल हो पाये।

कालागढ़ टाइगर रिजर्व कोटद्वार

देश के मैदानी इलाकों में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते पर्यटक उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं। नैनीताल, मसूरी समेत अन्य स्थानों पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान के कालागढ़ टाइगर रिजर्व में भी पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है। कालागढ़ रिजर्व में प्रवेश कोटद्वार के वतनवासा और पाखरो क्षेत्र से होता है। रिजर्व के प्रभारी डीएफओ नवीन चंद्र पंत ने बताया कि उद्यान में सफारी के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से बुकिंग हो रही है। सफारी में स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और इको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा रहा है।

निरीक्षण

भागीरथी वृत्त के वन संरक्षक धर्म सिंह मीणा ने आज टिहरी वन प्रभाग की भिलंगना रेंज का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री मीणा ने जंगलो में वनाग्नि सुरक्षा कार्यों पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पौधशालाओं में तकनीकी के प्रयोग के आधार पर उच्च गुणवत्ता वाली पौधों को उगाए जाने को कहा। श्री मीणा ने निकासी चौकियों पर आवश्यक सतर्कता बरतने और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के लिये प्रभावी नीति बनाने के भी अधिकारियो को निर्देश दिये।

मौसम

प्रदेश में आज मौसम का मिला जुला असर देखने को मिला। राज्य के कुछ हिस्सों में आंशिक तौर पर बादल छाए रहे, जबकि कुछ स्थानों पर धूप खिली रही। मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश में कहीं–कहीं पर तेज बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है। हालांकि प्रदेश के मैदानी हिस्सों में अभी भी अत्यधिक गर्मी महसूस की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार चार और पांच जून को राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद है।